हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, बुधवार, 5 नवंबर 2025


तापमान

अधिकतम 32.8 डिग्री

न्यूनतम 12.7 डिग्री


11 पेपरलेस रजिस्ट्री : वर्कलेस हुए वसीका नवीस



12 बड़ौता में बनेगा हर्बल वनस्पतिक उद्यान




# हवा में बढ़ा जहर : एक्यूआई 262, आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ चौथे दिन भी खराब श्रेणी में रहा वायु गुणवत्ता सूचकांक, डॉक्टरों ने दी घर में रहने की सलाह

शहर की हवा में फिर से जहर घुलने लगा है। मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 दर्ज किया गया, जो खराब श्रेणी में आता है। लगातार चौथे दिन भी हवा की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ। सुबह और शाम के समय वातावरण में हल्का स्मॉग छाया रहा, जिससे आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत की शिकायतें बढ़ गई हैं। शहरवासी लगातार इस प्रदूषण से परेशान हैं और चिकित्सकों ने एहतियात बरतने की सलाह दी है।

ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप-2) की पाबंदियां लागू होने के बावजूद कई स्थानों पर लापरवाही साफ देखी जा सकती है। मुख्य बाजारों, औद्योगिक क्षेत्रों और सड़कों के किनारे धूल उड़ती रही। निर्माण सामग्री बिना ढके पड़ी है और वाहनों से निकलता धुआं वातावरण को और प्रदूषित कर रहा है। कई इलाकों में खुले में कचरा जलाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। प्रशासनिक टीमें कार्रवाई का दावा जरूर कर रही हैं, परंतु हालात बताते हैं कि उपायों का असर बहुत सीमित है।

### वातावरण में नमी, हवा की रफ्तार 8 किमी

मौसम विभाग के अनुसार, इस समय वातावरण में नमी अधिक है। सुबह से दिनभर 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलती रही, लेकिन प्रदूषकों का स्तर नीचे नहीं आया। विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की दिशा और गति दोनों ही ऐसी हैं, जो प्रदूषण को ऊपर उठाने के बजाय शहर के भीतर ही घुमाती रहती हैं। यही वजह है कि प्रदूषक तत्व जमीन के पास जम जाते हैं और वातावरण में ठहर जाते हैं। दिन चढ़ने पर सूरज की गर्मी से धूलकण और धुएं के कण ऊपर उठते हैं, लेकिन हवा की गति धीमी रहने से वे दोबारा नीचे जम जाते हैं। इससे सुबह और शाम के समय हल्का स्मॉग छाने लगता है।

### हल्का स्मॉग कर रहा है परेशानी

स्मॉग लोगों की आंखों में चुभन और गले में खराश का कारण बन रहा है। प्रदूषण के बढ़ते स्तर से सांस और फेफड़ों की बीमारियों से पीड़ित लोगों की परेशानी बढ़ गई है। डॉ. योगेश गोयल ने ऐसे लोगों को सुबह-शाम बाहर निकलने से बचने और मास्क के उपयोग की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि यह प्रदूषण अस्थमा, एलर्जी और हृदय रोगियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो सकता है।

### सावधानियां बरतने की दी सलाह

- सुबह-शाम टहलने से बचें, बाहर निकलते समय मास्क का प्रयोग करें।
- बिना जरूरत बाहर न निकलें।
- वाहन का उपयोग कम करें, पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाएं।
- ज्यादा पानी पिएं और घरों में पौधे व एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।
- बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का विशेष ध्यान रखें।
- घर में खिड़कियां बंद रखें और पौधे लगाएं।



### कर रहे निगरानी

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। ग्रैप-2 की पाबंदियों को भी सख्ती से लागू करवाया जा रहा है। नियमों की अवहेलना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

-अजय मलिक, एनवायरमेंटल इंजीनियर एवं क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण विभाग

### कब कितना रहा एक्यूआई

| तिथि | एक्यूआई |
|---|---|
| 01 नवंबर | 239 |
| 02 नवंबर | 284 |
| 03 नवंबर | 284 |
| 04 नवंबर | 262 |

## खबर संक्षेप

### रुपये से भरा बैग छीनने पर आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत पुलिस ने युवक से रुपये से भरा बैग छीनकर फरार हुए गिरोह के दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपित की पहचान विशाल उर्फ बीड़ी निवासी देव नगर, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 22 अक्तूबर 2025 को सचिन निवासी वेस्ट राम नगर, सोनीपत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव फाजिलपुर अड्डे पर उसका 4 लाख 70 हजार रुपये से भरा बैग कार सवार लेकर भाग गए थे।

### मादक पदार्थ तस्करी के मामले में आरोपी काबू

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की एक पूर्व घटना में संलिप्त दूसरे आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान दीपक निवासी रेवाड़ी खेड़ा, जिला झज्जर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। 2 नवंबर 2025 को पुलिस टीम ने चाय के खोखे की आड़ में नशा बेचने के आरोप में धर्मेन्द्र निवासी बिधल को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में दीपक को भी पकड़ा गया है।

### रिढ़ाऊ में मारपीट में महिला सहित दो घायल

**खरखौदा।** गांव रिढ़ाऊ में आपसी विवाद के चलते एक व्यक्ति और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल करने का मामला सामने आया है। महिला सीता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह घर का काम कर रही थी, तभी गली से उसके पति की बचाओ- बचाओ की आवाज आई। जब वह अपने बेटे दीपांशु के साथ बाहर गई तो देखा कि सुनील और साथी उसके पति के साथ मारपीट कर रहे थे। रोकने पर आरोपियों ने सीता और उसके बेटे को भी पीट दिया। घायलों का इलाज खरखौदा के सरकारी अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

बंदर पकड़ो अभियान शुरू, पहले ज्यादा दिक्कत वाले एरिया पर फोकस

# बंदरों के बढ़ते उत्पात से राहत टेंडर छूटने के बाद 80 पकड़े

## पहले दो बार टेंडर नहीं चढ़ पाया था सिरे, अब एजेंसी ने शुरू किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

लंबे समय से शहर में बंदरों के बढ़ते उत्पात से परेशान नागरिकों को आखिरकार राहत मिलने की उम्मीद जगी है। नगर निगम ने एक बार फिर बंदर पकड़ने का अभियान शुरू किया है।

नागरिकों की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए निगम प्रशासन ने टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ठेकेदार को इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अभियान के तहत अब तक 80 से अधिक बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा जा चुका है। पकड़े गए बंदरों की स्वास्थ्य जांच कराई जा रही है, जिसके बाद उन्हें क्लेसर के जंगलों में छोड़ा जाएगा। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बंदरों द्वारा छतों पर चढ़कर लोगों को डराने, कपड़े फाड़ने, खाने-पीने का सामान छीनने और बच्चों को चोट पहुंचाने जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही थीं। नागरिकों ने कई बार निगम को शिकायतें दीं, लेकिन पहले दो बार टेंडर जारी होने के बावजूद कोई ठेकेदार काम के लिए आगे नहीं आया था। इस वजह से समस्या बनी रही। अब निगम ने सफलतापूर्वक ठेका प्रक्रिया पूरी कर विशेषज्ञ टीम को काम पर लगाया है। पशु नियंत्रण दल के सदस्यों ने बताया कि बंदरों को पकड़ने का काम पूरी तरह सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। टीम बंदरों को पिंजरों में बंद कर उन्हें पर्याप्त भोजन और पानी उपलब्ध कराती है ताकि किसी भी प्रकार की हानि न हो। सभी बंदरों की चिकित्सीय जांच के उपरांत उन्हें वन विभाग की देखरेख में प्राकृतिक वातावरण वाले इलाकों में छोड़ा जाएगा।



**सोनीपत।** पकड़े गए बंदरों की व्यवस्था जांचने पहुंचे मेयर राजीव जैन।

### पूरे शहर में चलाया जाएगा अभियान

बंदर पकड़ने की कार्रवाई फिलहाल उन क्षेत्रों में चल रही है, जहां सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। धीरे-धीरे यह अभियान पूरे शहर में फैलाया जाएगा ताकि सभी नागरिकों को बंदरों के आतंक से राहत मिल सके। निगम का लक्ष्य न केवल लोगों को राहत दिलाना है, बल्कि वन्य जीवों की सुरक्षा और संरक्षण भी सुनिश्चित करना है।

-राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत।

## कुत्तों की वैक्सीनेशन व नसबंदी के लिए नगरपालिका ने लगाया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर में शहर में कुत्तों के काटने की बढ़ती संख्या पर नगरपालिका ने कदम उठाया है। शहर में दिन प्रतिदिन बढ़ रही कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिका की ओर से कुत्तों की नसबंदी का टेंडर जारी किया है। इसके साथ ही शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों को रैबीज का भी इंजेक्शन लगाया जाएगा ताकि संक्रमण का खतरा कम हो सके। वहीं घायल कुत्तों का इलाज भी एजेंसी को करना होगा। 12 नवंबर को टेंडर खोला जाएगा। जिस एजेंसी को टेंडर मिलेगा उसके द्वारा यह अभियान जल्द से जल्द शुरू कर दिया जाएगा। नसबंदी और टीकाकरण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुत्तों को वापस उसी क्षेत्र में छोड़ दिया जाएगा। बता दें कि शहर इन दिनों आवारा कुत्तों के आतंक से जूझ रहा है। शहर में दो तीन पहले ही अलग-अलग स्थानों पर 7 वर्षीय इजहाम, 10 वर्षीय विशाल और 17 वर्षीय यश पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल उपमंडल अस्पताल में लाए गए तो चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को खानपुर मेडिकल रेफर करना पड़ा।

### शर्तें पूरी करनी होंगी

इस संबंध में नगरपालिका के पालिका अभियंता राहुल मोर ने बताया कि नगरपालिका द्वारा कुत्तों पर लगाम कसने के लिए टेंडर लगा दिया गया है। इसके लिए जरूरी नियम व शर्तें भी लागू की गई हैं। जो एजेंसी इन नियमों व शर्तों पर खरा उतरेगी उसे यह टेंडर देकर काम शुरू करवा दिया जाएगा।

# हॉस्टल के समय पर छात्राओं ने उठाए सवाल

## डीक्रस्ट में विवाद पर राज्यपाल को पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ शाम 6 बजे हॉस्टल का गेट बंद और सुबह 6:30 बजे खुलने की व्यवस्था पर जताया रोष

दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीक्रस्ट), मुरथल की छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन की हॉस्टल टाइमिंग पर सवाल उठाते हुए हरियाणा के राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। छात्राओं ने अपने पत्र में लिखा है कि शाम 6 बजे हॉस्टल का गेट बंद और सुबह 6:30 बजे खुलने की व्यवस्था ने उनकी शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों पर गंभीर असर डाला है। उन्होंने कहा कि ऐसी पाबंदियां उन्हें विश्वविद्यालय परिसर में "कैद जैसा माहौल" महसूस करवाती हैं।

छात्राओं का कहना है कि देर शाम तक लैब कार्य, प्रोजेक्ट चर्चाएं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, खेल अभ्यास और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए उन्हें हॉस्टल से बाहर रहना पड़ता है, पर सख्त टाइमिंग के कारण यह संभव नहीं हो पाता। इससे न केवल उनका विकास प्रभावित हो रहा है बल्कि यह उनके मौलिक अधिकारों और लैंगिक समानता के सिद्धांतों के भी विपरीत है।

### पाबंदी की जगह सुरक्षा के करें पुख्ता उपाय

छात्राओं ने कहा कि यदि सुरक्षा ही चिंता का कारण है, तो विश्वविद्यालय को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करनी चाहिए, परिसर में अवैध या अनाधिकृत वाहनों की आवाजाही पर रोक लगानी चाहिए और महिला सुरक्षा के लिए आधुनिक निगरानी प्रणाली अपनानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा की किसी भी अन्य विश्वविद्यालय में इस प्रकार की कठोर हॉस्टल टाइमिंग नहीं है। अन्य विश्वविद्यालयों में छात्राओं को अध्ययन, खेल या सांस्कृतिक आयोजनों में भाग लेने के लिए उचित लचीलापन दिया जाता है। छात्राओं ने राज्यपाल से आग्रह किया है कि वे इस विषय में उचित दिशा-निर्देश जारी करें, ताकि महिला छात्राओं को एक सुरक्षित, समान और प्रगतिशील शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो सके।

# कॉलेज से स्कूटी पर घर लौट रही छात्रा को निजी बस ने चपेट में लिया, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

■ शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे थे परिजन, उपचार के दौरान तोड़ दिया दम

सोनीपत-खरखौदा सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार बस ने स्कूटी पर सवार होकर कॉलेज से घर जा रही छात्रा को चपेट में ले लिया। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। बस चालक वाहन को लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को शहर के निजी अस्पताल में भिजवाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव हरसाना निवासी प्रदीप ने बताया कि उसकी बेटी इशिका (20) कॉलेज में पढ़ती थी। वह सोमवार को कॉलेज से अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर जा रही है। गांव लहराड़ा के पास तेज रफ्तार बस चालक ने उसे चपेट में ले लिया। स्कूटी से गिरने के बाद वह बस के पहियों के नीचे आकर घायल हो गई। गंभीर हालत के चलते राहगीरों की मदद से उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जांच अधिकारी एसआई संदीप ने बताया कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए है। बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित हादसे के बाद बस सहित फरार हो गया। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बैंक के नाम पर करोड़ों की ठगी का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

■ एफडी व आरडी में करोड़ों रुपये जमा करवा बंद कर दिया था बैंक

थाना शहर गोहाना की पुलिस टीम ने पीएनएल मोर दैन बैंक के नाम से करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में गोहाना के लक्ष्मी नगर निवासी आरोपित पवन पुत्र सतबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश करके उसे दो दिन के रिमांड पर लिया है। गांव सिकंदरपुर माजरा निवासी प्रवीन पुत्र मामन व अन्य शिकायकर्ताओं ने 25 अक्तूबर को थाना शहर गोहाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायकर्ताओं के अनुसार उन्होंने पीएनएल मोर दैन बैंक की सेक्टर-7 गोहाना शाखा में खाते खुलवाकर लगभग 40 से 45 करोड़ रुपये राशि जमा थी। जब एफडी/आरडी की अवधि पूर्ण हुई तो बैंक के मालिक व कर्मचारी लापता हो गए। कुछ समय बाद खाता धारकों को बताया गया कि बैंक बंद कर दिया गया है। वे अपनी सभी मूल दस्तावेज जमा करवाएं। शिकायतकर्ताओं को बाद में जानकारी मिली कि बैंक के मालिक बैंक को दिवालिया घोषित कर विदेश भागने की फिराक में हैं।

# क्रिकेट कोच रामकरण का हत्यारोपी सुनील लंबू फरार

■ खानपुर मेडिकल में बोर्ड की उपस्थिती में हुआ पोस्टमार्टम, गन्नौर में संस्कार





**गन्नौर।** कोच रामकरण शर्मा का फाइल फोटो तथा कोच रामकरण शर्मा क्रिकेट टीम के साथ। फाइल फोटो

■ पुलिस की तीन टीमें कर रहीं तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शास्त्री नगर में सोमवार रात हुई पार्षद सोनिया शर्मा के ससुर और पूर्व क्रिकेट कोच रामकरण शर्मा की गोली मारकर हत्या के मामले में गन्नौर पुलिस ने मृतक के बेटे अमित की शिकायत पर आरोपित पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुनील लंबू के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें गठित की हैं। डीसीपी प्रबीना पी. ने खुद घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

पुलिस की तीन टीमें अलग-अलग स्थानों पर नाकेबंदी कर रही है और संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। पुलिस ने आरोपित के सभी बैंक खातों और पासपोर्ट को फ्रीज करवा दिया है, लेकिन आरोपित पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं मंगलवार को पूर्व कोच रामकरण शर्मा के शव का खानपुर मेडिकल में बोर्ड की उपस्थिती में पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के बाद उनके शव का गमगीन माहौल में गन्नौर श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, सोनीपत मेयर राजीव जैन, आप नेता देवेंद्र गौतम, आजाद नेहरा, राजकुमार पुरखासिया समेत अनेक लोग मौजूद रहे। वहीं, गन्नौर के अतिरिक्त थाना प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि पुलिस जल्द ही आरोपित सुनील लंबू की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



**गन्नौर।** दाह संस्कार के दौरान श्मशान घाट में मौजूद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली। फोटो : हरिभूमि

### रणजी खेले थे रामकरण

रामकरण शर्मा दिल्ली विद्युत आपूर्ति उपक्रम से निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त थे। वे अपनी तेज गेंदबाजी व ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के बल पर रणजी क्रिकेट खेल चुके थे। वह कपिल देव और चेतन शर्मा जैसे खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेल चुके हैं। वह स्पोर्ट्स कोटे से सरकारी सेवा में आए थे। वह हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भी रह चुके थे। सेवानिवृत्ति के बाद वह गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को क्रिकेट कोचिंग भी देते थे। गन्नौर में क्रिकेट कोच रामकरण शर्मा की हत्या के मामले में पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए सीबीआई जांच की मांग की है।

**अव्यवस्था** बस स्टैंड पर यात्रियों को घंटों करना पड़ा इंतजार, लोगों को हुई परेशानी

60 बसें सोनीपत तो 30 बसें गोहाना डिपो से हुई रवाना, लोकल रूट रहे प्रभावित

# निरंकारी मिशन के श्रद्धालुओं की घर वापसी के लिए भेजीं 90 बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संत निरंकारी मिशन के 78वें वार्षिक समागम के समापन के बाद श्रद्धालुओं की घर वापसी के लिए मंगलवार को हरियाणा रोडवेज विभाग ने विशेष व्यवस्था की। रोडवेज की कुल 90 बसें समागम स्थल के लिए रवाना की गईं, जिनमें से 60 बसें सोनीपत डिपो और 30 बसें गोहाना डिपो से भेजी गईं।

बसों की इस बड़ी तैनाती के चलते शहर के मुख्य बस अड्डे पर लोकल रूटों की सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं, जिससे आम यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा।

संत निरंकारी मिशन का 78वां वार्षिक संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया गया था। आयोजन के समापन के बाद श्रद्धालुओं की घर वापसी के लिए 6 नवंबर तक विशेष बसें जाएंगी।



**सोनीपत।** बस के इंतजार में खड़े दैनिक यात्री। फोटो : हरिभूमि

### मांगी थी 280 बसें, अब तक भेजी 140

रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की ओर से कुल 280 बसों की मांग की गई थी, जिनके माध्यम से देशभर से आए श्रद्धालुओं को उनके गंतव्यों तक सुरक्षित पहुंचाया जाएगा। सोमवार को 50 बसें समागम स्थल के लिए रवाना की गई थीं, मंगलवार को 90 बसें भेजी गईं, जबकि बुधवार को 110 और बृहस्पतिवार (6 नवंबर) को 30 बसें श्रद्धालुओं को दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब और अन्य राज्यों में भेजने के लिए रवाना की जाएंगी।

### बसों के फेरे बढ़ाए

यात्रियों का कहना था कि लोकल परिवहन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए थी ताकि आम लोगों को परेशानी न होती। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि राष्ट्रीय आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी के लिए यह अस्थायी व्यवस्था की गई है। डीआई विकास दहिया ने बताया कि समागम के लिए बसें भेजे जाने से कुछ रूट प्रभावित हुए हैं, लेकिन यात्रियों की सुविधा के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है और बसों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं ताकि किसी को असुविधा न हो।




# रोमांस के बाद एडल्ट कॉमेडी लेकर आए मिलाप जावेरी

**मंबई।** रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी की एडल्ट कॉमेडी फ्रेंचाइजी मस्ती का चौथा भाग 'मस्ती 4' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। 3 मिनट 4 सेकंड के इस ट्रेलर को देखकर पता चलता है कि फिल्म का कॉन्सेप्ट एक बार फिर एडल्ट कॉमेडी ही है। जहां फिल्म के तीनों प्रमुख कलाकार रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदसानी एडल्ट जोक मारते नजर आएंगे। ट्रेलर में भी कई तरह के एडल्ट जोक सुनाई दे रहे हैं। मस्ती 4 का निर्देशन रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' फेम निर्देशक मिलाप जावेरी ने किया है।

## लाइफ Style

# यामी
## मेरे लिए दर्शक ही सबसे बड़ा पुरस्कार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री यामी गौतम इन दिनों अपनी आगामी फिल्म हक को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। हक अपनी रिलीज के करीब है और यामी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। विकी डोनर से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली यामी गौतम ने अपने कॅरियर में कई सराहनीय भूमिकाएं भी निभाई हैं।

अब यामी ने कोई बड़ा अवॉर्ड न जीत पाने पर कहा कि इन पुरस्कारों को खोना उन्हें परेशान नहीं करता। इस दौरान भगवत गीता का जिक्र करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि जितना मैंने भागवत गीता को समझा है, भगवान कृष्ण ने अर्जुन से जो कहा वह सच है। ऐसा नहीं है कि मैं सबसे आदर्श इंसान की तरह इतनी अलग हो गई हूं, लेकिन अगर आपमें सफलता और हारने के डर से अलग होने या किसी और के नजरिए से मान्यता पाने की क्षमता है, तो आप ठीक हैं। मैंने किसी से किसी भी तरह की मान्यता लेना बंद कर दिया है। अगर अवॉर्ड मिलता है तो मैं बहुत अच्छी एक्ट्रेस हूं, वरना शायद नहीं हूं। ऐसा मेरे साथ बिल्कुल भी नहीं है। साल 2013 में आई अपनी पहली फिल्म विकी डोनर के लिए यामी ने बेस्ट डेब्यू फीमेल के कई अवॉर्ड जीते थे। लेकिन, उसके बाद कई बड़े अवॉर्ड्स में नामित होने के बाद भी, यामी उन्हें जीत नहीं पाईं। इस पर अभिनेत्री ने कहा कि अब वह दर्शकों की प्रतिक्रिया से अपनी मान्यता लेती है। मेरे दर्शक मुझे प्यार करते हैं, कुछ निर्देशक और निर्माता मुझ पर दांव लगाने को तैयार हैं, इससे बड़ा पुरस्कार मेरे लिए क्या है। बाकी सब आना जाना है। लेकिन अगर यह किसी को खुश करता है, तो बढ़िया।



## हॉलीवुड मसाला



# जोनाथन को मिला अजीब टाइटल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन बेली को पीपल मैगजीन ने सेक्सिएस्ट मैन अलाइव 2025 का खिताब दिया है। यह जानकारी सोमवार को जिमी फॉलन के शो में शेयर की गई। इस बात की जानकारी जब जोनाथन बेली को लगी तो उन्होंने अपना रिएक्शन दिया। जिमी फॉलन के शो में ब्रिटिश एक्टर जोनाथन बेली ने बताया कि अपने नए खिताब की जानकारी उन्हें साल की शुरुआत में मिली। वह मजाकिया अंदाज में कहते हैं, मैं खुश हूं कि 2025 में पीपल मैगजीन ने मुझे इस खिताब के लिए चुना। मैं इस अचीवमेंट की कद्र करता हूं।




# चाइनाटाउन और वाइल्ड हार्ट से जीता दर्शकों का दिल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस डायने लैड अब इस दुनिया में नहीं हैं। 200 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अमेरिकी एक्ट्रेस का 89 साल की उम्र में निधन हो गया है। चाइनाटाउन और वाइल्ड एट हार्ट जैसी फिल्मों से दिल जीतने वाली डायने लैड के निधन ने हर किसी को सदमे में डाल दिया है। तीन बार ऑस्कर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन पा चुकीं एक्ट्रेस की बेटी लॉरा डर्न ने मां के निधन की पुष्टि करते हुए दुखद खबर शेयर की है। लॉरा डर्न ने मां को अद्भुत अभिनेत्री और मां के रूप में एक उपहार बताया है। डायने लैड का वायरल हो रहा आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट कई हफ्ते पहले, 17 सितंबर, 2025 का है। इसमें उन्होंने फैंस के साथ यह खबर शेयर की थी कि उनकी 2020 की फिल्म 'द लास्ट फुल मेजर' को कई प्लेटफार्मों पर ओटीटी रिलीज मिली है।



# एक बार फिर अपराध को मिटाने निकलीं


**मुंबई।** नेटफ्लिक्स की हिट सीरीज 'दिल्ली क्राइम' अपने नए सीजन के साथ वापस लौट रहा है। अब इस सीरीज के तीसरे सीजन का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज किया गया है। जिसे देखकर पता चलता है कि इस बार कहानी पिछले दोनों सीजन से ज्यादा इंटेंस और खतरनाक होने वाली है। इस बार डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी (शेफाली शाह) का मुकाबला हुमा कुरैशी से होगा। तीसरे सीजन में कहानी दिल्ली से आगे निकलती है। 2 मिनट 31 सेकंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि देश के अलग-अलग राज्यों की लड़कियों की तस्करी की जा रही है। इन लडकियों के बेचने का काम हुमा (बड़ी दीदी) करती हैं। इस गिरोह का पर्दाफाश करने की जिम्मदारी शेफाली (डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी) को मिलती है। बड़ी दीदी को पकड़ने के लिए डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी अपनी टीम के साथ लग जाती हैं।



# हिंदी फिल्म में काम करेंगे दग्गुबाती

**मुंबई।** बाहुबली फेम अभिनेता व निर्माता राणा दग्गुबाती की प्रोडक्शन कंपनी स्पिरिट मीडिया ने अपनी पांच आगामी फिल्मों की घोषणा कर दी है। सबसे खास बात कि इस लिस्ट में राणा दग्गुबाती के प्रोडक्शन हाउस की पहली हिंदी फिल्म भी शामिल है। इसमें बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी नजर आएंगे। राणा दग्गुबाती के स्पिरिट मीडिया की पहली हिंदी फिल्म अरविंद अडिगा के लोकप्रिय उपन्यास 'लास्ट मैन इन टावर' का रूपांतरण होगी। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी प्रमुख भूमिका में होंगे। इस फिल्म का निर्देशन अमेरिकी निर्देशक बेन रेखी करेंगे, जिन्होंने पहले आश्रम (2018) और वॉच लिस्ट (2019) का निर्देशन किया था। फिल्म की कहानी भारत की पृष्ठभूमि में नैतिक समझौतों, महत्वाकांक्षाओं और मानवीय रिश्तों की नाजुकता को दर्शाती है।

## टीवी मसाला



# मॉर्डन लव की जर्नी दिखाएगा शो स्प्लिट्सविला एक्स-6

**नई दिल्ली।** सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' से करण कुंद्रा को पॉपुलैरिटी मिली। इसके बाद वह कई टीवी सीरियल का हिस्सा बने। आगे चलकर रियलिटी शो के होस्ट के तौर पर भी नजर आए। एमटीवी के रोडीज और लव स्कूल को करण कुंद्रा होस्ट कर चुके हैं। जल्द ही वह 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को होस्ट करेंगे। शो में उनकी को-होस्ट सनी लियोनी हैं। 'स्प्लिट्सविला एक्स-6' को लेकर करण कुंद्रा काफी एक्साइटेड हैं। एक बातचीत में कहते हैं, 'मैं 6 साल बाद एमटीवी पर वापस आ रहा हूं, यह बिल्कुल घर लौटने जैसा है। स्प्लिट्सविला शो तो मुझे हमेशा पसंद है। यह शो मॉर्डन लव की जर्नी को दिखाता है। स्प्लिट्सविला के नए सीजन को सनी लियोनी के साथ होस्ट करना एक शानदार एक्सपीरियंस होगा। मैं यह देखने के लिए एक्साइटेड हूं कि कंटेस्टेंट्स क्या नए ट्विस्ट शो में लेकर लाते हैं। मुझे भरोसा है कि यह सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होगा, सरप्राइज से भरा होगा। करण कुंद्रा ने तनुज विरवानी को स्प्लिट्सविला के नए सीजन में रिप्लेस किया है। जहां तक शो के कॉन्सेप्ट की बात है तो इसमें यंग लड़के, लड़कियां एक विला में साथ रहते हैं। यहां पर वह किसी खास शख्स के प्यार को पाने की कोशिश करते हैं। शो के दौरान कंटेस्टेंट्स को कई टास्क भी दिए जाते हैं। शो के आखिरी में एक कपल को विनर बनाया जाता है।

## बिग बॉस 19 बन गया जंग का मैदान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के अपकमिंग एपिसोड के कुछ प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। शहबाज का पारा इन वीडियो में काफी गर्म नजर आ रहा है। वह मालती चाहर और तान्या मित्तल से बहसबाजी करते



दिख रहे हैं। प्रोमो वीडियो में मालती चाहर ने शहबाज को कहा कि वह अमाल का सहारा ले रहा है। इस पर शहबाज ने मालती को दोगला कहा। शहबाज का कहना था कि कम से कम वह किसी के कंधे पर रखकर बंदूक तो नहीं चलता है। दोनों की यह बातचीत धीरे-धीरे झगड़े में बदल गई। अमाल मलिक ने बीच में आकर दोनों को चुप कराना चाहा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। एक और प्रोमो वीडियो में तान्या मित्तल को भी शहबाज ने काफी कुछ सुनाया। वह कहते हैं, 'मैं बताता हूं तान्या की सच्चाई। यह हर बात पर रोती है, लोगों को बताना चाहती है कि मैं कितनी अच्छी हूं।' आगे अशनूर ने भी तान्या पर तंज कसा कि वह सिम्पेथी कार्ड खेल रही है। पिछले हफ्ते बिग बॉस 19 से स्टैंडअप कॉमेडियन प्रणीत मोरे बाहर हुए। इस हफ्ते भी कई प्रतियोगी घर से बाहर होने के लिए नॉमिनेट होंगे। इन दिनों शो में सबसे ज्यादा चर्चा में सिंगर अमाल मलिक, तान्या मित्तल और मालती चाहर हैं।

# आलिया-शर्वरी की फिल्म अल्फा की रिलीज टली




**मुंबई।** आलिया भट्ट, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल स्टारर अल्फा की रिलीज टल गई है। वीआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह एक्शन एंटरटेनर पहले इसी साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब इसे अगले साल अप्रैल, 2026 तक के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। अब यह फिल्म 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होगी। बताया गया है कि फिल्म के वीएफएक्स का काम अभी बाकी है और इसे बेहतरीन विजुअल एक्सपीरियंस देने के लिए अभी और वक्त लगेगा। 'अल्फा' के साथ ही 'स्पाई यूनिवर्स' में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ की एंट्री होने वाली है। इस फिल्म में अनिल कपूर भी नजर आएंगे, जो हाल ही फ्रेंचाइज की फिल्म 'वॉर 2' में भी नजर आए थे। 'अल्फा' को पोस्टपोन करने का फैसला ऐसे समय आया है, जब फ्रेंचाइजी की पिछली दो फिल्में 'वॉर 2' और 'टाइगर 3' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाईं। समझा जा रहा है कि मेकर्स ऐसे में सीरीज की अगली फिल्म में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। यशराज फिल्म्स के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा है,'अल्फा, हमारे लिए बेहद खास फिल्म है और हम इसे सबसे बेहतरीन सिनेमाई अंदाज में दर्शकों के सामने पेश करना चाहते हैं। हमें एहसास हुआ कि वीएफएस में पहले के अनुमान से अधिक समय लगेगा। हम इसमें कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते हैं और अल्फा को एक ऐसी थिएट्रिकल एक्सपीरियंस बनाना चाहते हैं, जिसे लोग याद रखें।

# किंग में शाहरुख का विलेन राघव और अभिषेक से तगड़ी भिड़ंत, बाप-बेटी मचाएंगे तबाही

*शाहरुख खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर अपनी फिल्म 'किंग' के टाइटल को रिलीज किया। अब फिल्म से जुड़ी कुछ बातें निकलकर सामने आई हैं। इनमें सबसे बड़ी बात ये है कि फिल्म में दो टाइमलाइन होगी। शाहरुख की लाइफ के अलग-अलग फेज दिखाए जाएंगे।*

**मुंबई।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख खान के 'किंग' की दो अलग-अलग टाइमलाइन होंगी। कथित तौर पर, एक्टर अपनी लाइफ के कई फेजेस में अपना किरदार निभाते नजर आएंगे। रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख खान के किरदार का यंग वर्जन राघव जुयाल से लड़ेगा, जो कथित तौर पर एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। इस बीच, रिपोर्ट के अनुसार बड़े किंग विलन अभिषेक बच्चन से भिड़ेंगे। शाहरुख और अभिषेक कई सालों बाद फिर से पर्दे पर साथ नजर आएंगे। दोनों ने आखिरी बार कभी अलविदा ना कहना और हैप्पी न्यू ईयर में साथ काम किया था। वहीं, राघव जुयाल ने हाल ही में शाहरुख के बेटे आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली फिल्म द बैड्स ऑफ बॉलीवुड में अपनी एक्टिंग से सभी को चौंका दिया था। इस फिल्म से शाहरुख की बेटी सुहाना खान बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। उन्होंने नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। पिता-बेटी की इस जोड़ी के अलावा, फिल्म में अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अरशद वारसी, जयदीप अहलावत, जीशु सेनगुप्ता, अक्षय ओबेरॉय, राघव जुयाल, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला भी हैं। सिद्धार्थ आनंद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



## बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया

# क्रिकेट बोर्ड के पास नहीं थे पैसे, तब इस एक्ट्रेस ने खुद उठाया पूरा खर्चा

***नई दिल्ली।** वो अक्सर कैमरे के सामने मुस्कुराती दिखती थीं। कभी क्रिकेट शो होस्ट करते हुए, कभी किसी इवेंट में अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचते हुए। लेकिन, किसी को नहीं पता था कि कैमरे के पीछे वो कुछ ऐसा कर रही थीं, जो इतिहास में दर्ज हो जाएगा। 2000 के दशक की शुरुआत में जब भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पास फंड नहीं था, तब एक टीवी स्टार और एक्ट्रेस ने चुपचाप मदद का हाथ बढ़ाया। आखिर कौन थीं वो बॉलीवुड की इनविजिबल स्पॉन्सर? अगर आप अब तक समझ नहीं पाए हैं तो आपको बता दें कि वह कोई और नहीं, बल्कि बेहद खूबसूरत और ग्लैमरस मंदिरा बेदी हैं।*



## जब पैसों से नहीं दिल से हुई मदद

दरअसल, मंदिरा बेदी ने उस वक्त महिला क्रिकेट टीम को संभाला जब उनके पास जर्नी तक के पैसे तक नहीं थे। उन्होंने अपनी कमाई, यानी पूरी एंडोर्समेंट फीस, टीम को दे दी ताकि खिलाड़ी विदेश में खेल सकें, टिकट खरीद सकें और तैयारी जारी रख सकें। इतना ही नहीं, उन्होंने एक ज्वेलरी ब्रांड को भी टीम के स्पॉन्सर के रूप में जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। ये किसी फिल्मी स्क्रिप्ट जैसा था, जहां ग्लैमर वर्ल्ड की स्टार पर्दे के पीछे असली हीरो बन गईं।

## जिसने बदलाव की नींव रखी



मंदिरा बेदी की ये मदद उस समय किसी चमत्कार से कम नहीं थी। जब महिला क्रिकेट को लेकर किसी को भरोसा नहीं था, तब उन्होंने बिना किसी शोर के अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उनकी वजह से खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिला, टीम टूटी नहीं, बल्कि और मज़बूत होती गई। वक्त बीतता गया, हालात बदले और आखिर 2006 में बीसीसीआई ने महिला क्रिकेट को अपने अधीन ले लिया। तब जाकर दुनिया को समझ आया कि कभी किसी ने चुपचाप इस सपने को ज़िंदा रखा था। मंदिरा बेदी ने बिना बैट थामे, मैदान के बाहर रहकर असली खिलाड़ी बनकर दिखाया।

## खबर संक्षेप

### सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष प्रदर्शन कल

**सोनीपत।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) एवं अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (यूपीएचसी व यूपीसी) में कार्यरत महिला बहुउद्देश्यीय कर्मचारियों की वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 6 नवम्बर को बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन (एमपीएचईए) जिला सोनीपत इकाई सिविल सर्जन कार्यालय पर रोष प्रदर्शन करेगी। इसके बाद सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। राजकुमार नैयर ने बताया कि एसोसिएशन की राज्य कमेटी लंबे समय से एनएचएम यूपीएचसी व यूएचसी में कार्यरत महिला कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर संघर्षरत है। सरकार और संबंधित अधिकारियों को कई बार पत्राचार किया गया।

### हत्या में शामिल दूसरा आरोपित गिरफ्तार

**खरखौदा।** खरखौदा में गोली मारकर पिता-पुत्र की हत्या करने की घटना में शामिल दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रोहित बवाना दिल्ली का रहने वाला है। गोपालपुर निवासी बुधराम ने थाना खरखौदा मे शिकायत दी कि उसके पोते मोहित की जगनदास खरखौदा के साथ दुश्मनी चली हुई थी। मोहित का नाम उसके लड़के नितिन की हत्या में आया था। तभी से इनकी आपस में रंजिश थी। इसी रंजिश के कारण जगनदास के भतीजे राहुल, सन्नी उर्फ सांडा, अंकुश गढी सिसाना ने उसके पोते मोहित को जान से मारने की नीयत से उस पर गोली चलाई थी। जिसमें एक गोली मोहित की कमर में लगी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना खरखौदा मामला दर्ज हुआ था।

### जमीन सौदे में फर्जीवाड़े पर मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव खिजरपुर अहीर निवासी शमशेर सिंह ने थाना गन्नौर पुलिस में दिल्ली के प्रीतमपुरा निवासी निवासी तीन युवकों सहित एक महिला के खिलाफ जमीन का फर्जीवाड़ा करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में शमशेर ने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा निवासी नरेश, शकुंतला, बीर सिंह और जितेंद्र यादव पर फर्जीवाड़े और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में आरोप है कि आरोपी बीर सिंह ने वर्ष 2024 में गांव खिजरपुर अहीर स्थित लगभग 10 कनाल 5 मरले भूमि को अपनी पत्नी शकुंतला के नाम मालिकाना हक बताते हुए उन्हें बेचने का प्रस्ताव दिया था।

### कोच की हत्या सामाजिक सौहार्द पर आघातः कौशिक

**सोनीपत।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष जसविंद्र कौशिक ने गन्नौर में कोच रामकरण शर्मा की हत्या की कड़ी निंदा की है। जारी बयान में जसविंद्र कौशिक ने कहा कि चुनावी रंजिश के चलते निर्दयतापूर्वक हत्या की घटना अमानवीय है तथा सामाजिक सौहार्द पर गंभीर आघात है। कौशिक ने कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज इस हत्या की निंदा करता है और मांग करता है कि हत्याकांड में शामिल दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर दंड दिया जाए।

### मांगे पूरी नहीं हुई तो रोडवेज कर्मी देंगे धरना

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को डिपो में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संदीप सिंघवा ने की, जबकि संचालन जोगेंद्र ढुल ने किया। बैठक में सुरेश नहरा, सुमेश कुंडू, संदीप खोखर, नरेश सिवाच, मनजीत कारोर, नवीन मायना और मनजीत दलाल सहित राज्य कमेटी से दिनेश हुड्डा व अमित महराणा ने भाग लिया।

### स्वदेशी अपनाने के लिए लोगों को किया प्रेरित

**रोहतक।** आत्मनिर्भर हरियाणा, आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मंगलवार को पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने लोगों को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वर्गीय सुंदर सिंह स्मृति मार्ग पर दुकानदारों से संवाद कर स्वदेशी संकल्प पत्र वितरित किए और भारतीय उत्पादों के उपयोग का आग्रह किया। राजकमल सहगल ने कहा कि भारत माता की सेवा और सम्मान के लिए हमें स्वदेशी अपनाने का संकल्प लेना चाहिए।

---

*हर रोज करोड़ों का राजस्व मिलता था स्टॉम्प ड्यूटी से, अब कामकाज ठप*

# पेपरलेस से वर्कलेस हुए वसीका नवीस व स्टाम्प विक्रेता, सिर्फ एक रजिस्ट्री हुई

*लगातार दूसरे दिन भी तहसील परिसरों में छाया रहा सन्नाटा*

**सिर्फ एक के कागजात हुए अपलोड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पेपरलैस रजिस्ट्री की योजना सोनीपत में दूसरे दिन भी ठप रही। सिर्फ एक व्यक्ति के ही कागजात अपलोड हुए हैं, इसके अलावा न तो कोई टोकन कटा और नहीं किसी तरह की कोई कार्रवाई हुई। जिनके कागजात अपलोड हुए हैं, उन्हें भी 6 नवंबर का समय मिला है। पूरा दिन जिले की सभी तहसीलों में छुट्टी सा माहौल रहा। जानकारों का कहना है कि अभी भी 1 सप्ताह तक पेपरलैस रजिस्ट्री शुरू होने की कोई उम्मीद नहीं है।

वहीं सरकार को करोड़ों रुपये का नुकसान होना भी शुरू हो गया है। क्योंकि पेपरलैस रजिस्ट्री शुरू न हो पाने के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पा रही, जिसकी वजह से हर रोज करोड़ों रुपये के जो स्टॉम्प बेचे जाते थे, वे भी नहीं बेचे जा सके। इसके अलावा तहसीलों में वसीका नवीस (अर्जी नवीस) भी खाली बैठे दिखाई दिए। सरकार पर तो इसका असर शायद ना पड़ें, लेकिन वसीका नवीसों और स्टॉम्प विक्रेताओं पर असर पड़ना लाजिमी है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने सोमवार से पूरे प्रदेश में पेपरलैस रजिस्ट्री की योजना शुरू कर दी थी। जिसके तहत सभी तरह की रजिस्ट्री ऑनलाइन तरीके से ही करने के निर्देश दिए गए थे। सोमवार को पहले भी दिन केवल चार टोकन कटे थे, हालांकि काम उनके भी नहीं हो पाए थे। मंगलवार को तो केवल एक ही व्यक्ति के कागजात अपलोड हो पाए। सोमवार की ही भांति मंगलवार को भी तहसील परिसर सूने नजर आए। खरखौदा, गन्नौर व गोहाना में भी कोई रजिस्ट्री नहीं हो सकी।



सोनीपत। तहसील परिसर में पसरा सन्नाटा। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। खाली बैठे वसीका नवीस। फोटो :हरिभूमि

#### लग सकता है एक सप्ताह और

तहसीलों में पेपरलैस रजिस्ट्री के लिये डेटा सिंक्रोनाइजेशन और ओटीपी वेरिफिकेशन जैसी खामियां आ रही हैं। इन्हें ठीक करने में करीब एक सप्ताह लग सकता है। पुराने सिस्टम को समानांतर रूप से चालू रखने की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे आवेदक फिलहाल इंतजार करने को मजबूर हैं। बता दें कि जिलेभर में अन्य दिनों में करीब 400 और सोनीपत मुख्यालय में 200 रजिस्ट्री टोकन काटे जाते हैं। मंगलवार को भी पोर्टल बार-बार सर्वर एरर दिखा रहा था, हालांकि पूरा दिन में सिर्फ एक प्रोपर्टी मालिक के ही कागजात अपलोड हो सके हैं।

#### वसीका नवीस और स्टॉम्प विक्रेता सूने

तहसीलों में सबसे बड़ा काम रजिस्ट्री का ही होता है। जिसके जरिये वसीका नवीसों और स्टॉम्प विक्रेताओं की रोजी रोटी चलती है। लेकिन लगातार दूसरे दिन भी रजिस्ट्री नहीं हुई, जिसकी वजह से इन दोनों ही पेशों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सोनीपत तहसील के सरकारी परिसर में तो सन्नाटा पसरा ही हुआ है, इसके अलावा वसीका नवीसों और स्टॉम्प विक्रेताओं की दुकानें और खोखे भी सूने पड़े हैं।

#### राजस्व शून्य हो गया

बता दें कि रजिस्ट्रियों में स्टॉम्प ड्यूटी लगती है। किसी पुरुष के नाम पर रजिस्ट्री होने पर संबंधित जायदाद की कुल कीमत का 7 प्रतिशत और अगर महिला के नाम रजिस्ट्री होनी है तो संबंधित जायदाद का 5 प्रतिशत स्टॉम्प ड्यूटी के तौर पर देना होता है। सोनीपत जिले में रोजाना 400 रजिस्ट्री होती हैं। ऐसे में अगर अनुमान भी लगाया जाए तो सोनीपत जिले से रोजाना करोड़ों रुपये स्टॉम्प ड्यूटी के जरिये सरकार को राजस्व मिलता है। दो दिनों से यह राजस्व शून्य हो गया है।

#### क्या है पेपरलैस रजिस्ट्री

प्रदेश सरकार ने राज्य को देश का पहला पेपरलैस रजिस्ट्री लागू करने वाला राज्य घोषित किया है। योजना के तहत नागरिक अब ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। दस्तावेज अपलोड, भुगतान और स्लॉट बुकिंग सब कुछ एक ही प्लेटफॉर्म पर होगी। केवल अंतिम डिजिटल सत्यापन और बायोमेट्रिक प्रक्रिया के लिए तहसील कार्यालय जाना होगा।

---



खरखौदा। भजन प्रस्तुत करते हुए भजन गायिका। फोटो :हरिभूमि

## धूमधाम से मनाया श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव

*» बाबा के भव्य श्रृंगार दर्शन ने भक्तों को मंत्रमुग्ध किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

करने वाला बाबा श्याम, करवाने वाला बाबा श्याम के दिव्य सान्निध्य में श्री खाटू श्याम मंदिर, खरखौदा धाम व श्री श्याम परिवार खरखौदा के सामूहिक तत्वावधान में श्री श्याम द्वितीय वार्षिक जन्मोत्सव बड़े ही हर्ष और श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर में छप्पन भोग, छत्र वर्षा, अखंड ज्योति, भव्य दरबार एवं अद्भुत श्रृंगार से हुआ। शाम सवा चार बजे से श्री श्याम संकीर्तन आरंभ हुआ। जिसमें भजन गायक तन्नू खरखौदा, दीपांशु सैनी सोनीपत, कपिल लाडली दिल्ली, किरण खरखौदा तथा चंद गोयल ने अपने भावपूर्ण भजनों से पूरे पंडाल को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम के मध्य में सायंकाल से अमृतमय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर श्री श्याम बाबा के भव्य श्रृंगार दर्शन ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति, प्रेम और सेवा की भावनाओं के साथ बाबा श्याम के जयकारे लगाए। संपूर्ण आयोजन का संचालन पूर्ण श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्तिभाव से किया गया।

### संघर्ष समिति ने अभियान के तहत किया सोहटी का दौरा



**खरखौदा।** खरखौदा संघर्ष कमेटी ने जनसंपर्क अभियान के तहत गांव सोहटी में जनसंपर्क किया। जिसमें 28 नवंबर को होने वाले पैदल मार्च से ग्रामवासियों को अवगत कराया। साथ ही अपील की कि सभी को एकजुट होकर प्रस्तावित नए गोहाना जिले में खरखौदा को शामिल किए के प्रयास का पुरजोर विरोध करना चाहिए। इसके अलावा करने इस मुद्दे पर चलाए जा रहे आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हंसराज राणा, सुनील राणा, इंद्रजीत राणा आदि मौजूद रहे।

---

### कटिंग एंड स्टिचिंग सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में तीस दिवसीय कटिंग एंड स्टिचिंग सर्टिफिकेट कोर्स की शुरुआत की गई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कोर्स करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया कि वे सर्टिफिकेट कोर्स करके स्व-रोजगार की दिशा में कदम बढ़ायें।

जीवीएम की इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में एमएसएमई करनाल के विशेष सहयोग से आयोजित किये जा रहे कटिंग एंड स्टिचिंग सर्टिफिकेट कोर्स का विधिवत शुभारंभ प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह व एमएसएमई के असिस्टेंट डायरेक्टर बलबीर सिंह और नीतू सरोहा ने किया। सर्टिफिकेट कोर्स करने वाली महिलाओं को इंस्ट्रक्टर के रूप में कविता, स्नेहा व सविता प्रशिक्षण प्रदान करेंगी। इस मौके पर आईआईसी के संयोजक डा. प्रवीण शर्मा व सहयोगी प्राध्यापिकाएं डा. रेनू, डा. प्रगति, डा. नवीन, प्रीति और अंशू उपस्थित रही।



सोनीपत। शिविर में प्रतिभागियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य। फोटो :हरिभूमि



सोनीपत। श्रमिकों को जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### श्रमिकों को किया कानूनी रूप से जागरूक

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनीपत द्वारा मंगलवार को कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पैनल अधिवक्ता उदित व हरविंदर, श्रमिक विभाग ने शिविर में लोगों को जागरूक किया। पैनल अधिवक्ता ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के द्वारा श्रमिक सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। श्रमिक सुरक्षा अभियान का उद्देश्य कानून और श्रमिक के बीच की खाई को पाटना है, यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक श्रमिक, चाहे उसकी आर्थिक या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो, सुरक्षा का हकदार हो और न्याय पाने के लिए सशक्त हो। इसका उद्देश्य श्रमिकों को शिक्षित, सशक्त और कल्याणकारी योजनाओं, कानूनी सहायता और सामाजिक सुरक्षा लाभों तक पहुंच बनाने में सक्षम बनाना है। यह अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सरकारी विभागों और कल्याणकारी संस्थाओं के बीच सहयोग पर भी जोर देता है, जिससे असंगठित श्रमिकों की सुरक्षा और उत्थान के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण सुनिश्चित होता है।

### प्लेसमेंट ड्राइव में प्रिंस ने मारी बाज़ी

**सोनीपत।** गेटवे एजुकेशन के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग द्वारा कैम्पस में एक ऑन-कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ड्राइव का उद्देश्य छात्रों को उद्योग जगत की आवश्यकताओं से परिचित कराना और उन्हें कॉर्पोरेट सेक्टर में उपयुक्त अवसर प्रदान करना था। प्लेसमेंट प्रक्रिया में मैनेजमेंट विभाग के छात्रों ने भाग लिया और प्रक्रिया तीन मुख्य चरणों में सम्पन्न हुई। विभिन प्रतिभागी छात्रों में से प्रतिभाशाली छात्र प्रिंस ने तीनों चरणों को सफलतापूर्वक पार करते हुए हाइक एजुकेशन में बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव के रूप में चयन प्राप्त किया है। इस अवसर पर गेटवे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंघल, प्लेसमेंट डायरेक्टर डॉ मोहित बंसल एवं प्लेसमेंट अफसर गीता कुकरेजा आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। प्रिंस को नियुक्ति पत्र देते हुए। फोटो :हरिभूमि



दोनों महान विभूतियों को नमन करते गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि

### शकुंतला देवी व गुरु नानक देव को नमन

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड स्थित गीता विद्या मंदिर में सोमवार को महान भारतीय गणितज्ञ ह्यूमन कंप्यूटर शकुंतला देवी व गुरु नानक देव की जयंती मनाई गई। समारोह में गुरु और शिष्यों ने दोनों महान विभूतियों को नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। शिशु वाटिका में नवंबर माह में जन्मे 51 बच्चों का सामूहिक जन्मदिवस हवन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु-शिष्यों द्वारा इन महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्प अर्पित करके किया गया। कक्षा 9वीं की छात्राओं तन्वी एवं समक्ष अत्री ने शकुंतला देवी के जीवन एवं कार्यों पर विस्तृत प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने बताया कि कैसे शकुंतला देवी ने अपनी अद्भुत मानसिक गणना शक्ति से पूरे विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया और ह्यूमन कंप्यूटर के नाम से प्रसिद्ध हुईं। इसी क्रम में आचार्य किरण एवं छात्रा एंजल ने गुरु नानक देव के जीवन और उनके उपदेशों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गुरु नानक जी का मुख्य संदेश था कि सब में एक प्रभु का वास है।

---



गोहाना। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को कार्यक्रम का निमंत्रण देते हुए।

### कुशाल सिंह के बलिदान दिवस कार्यक्रम का दिया न्योता

**गोहाना।** अमर बलिदानी कुशाल सिंह दहिया के 350वें बलिदान दिवस पर 14 नवंबर को राई में एक विशाल जनसभा आयोजित होगी। जनसभा को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। मंगलवार को कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्य पुनीत बढ़खालसा एवं रोहित कुमार ने भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक को जिला कार्यालय पर प्रस्तावित जनसभा का निमंत्रण दिया। बिजेंद्र मलिक ने समिति के सदस्यों को आश्वासन दिलाया कि जिला गोहाना से हजारों की संख्या में लोग इस कार्यक्रम में शिरकत करके बलिदानी कुशाल सिंह दहिया को श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे। इस मौके पर जिला भाजपा गोहाना के महामंत्री महेंद्र चिड़ाना, जिला गोहाना मीडिया प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, राजू पटवा, सोनिया सैन, प्रसन्नी मलिक, सुनीता व सुमित उपस्थित रहे।

## कल्पना चावला विद्यापीठ में अंग्रेजी भाषण स्पर्धा में अनुष्का रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

खांडा रोड, खरखौदा स्थित कल्पना चावला विद्यापीठ में कक्षा 9 वीं व 11वीं के विद्यार्थियों के बीच एक अंतर्सदनीय अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के विषय थे- द इम्पैक्ट ऑफ ग्लोबलाइजेशन ऑन इंडियन कल्चर तथा द इम्पैक्ट ऑफ टेक्नोलॉजी ऑन आवर लाइव्स। विद्यार्थियों ने अपने भाषणों में इन विषयों पर गहराई से विचार किया और अपने तर्कों को मजबूती से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अध्यापक दीपक और परमजीत शामिल थे। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उनके आत्मविश्वास और वाकपटुता की प्रशंसा की। घोषित परिणाम के अनुसार छात्रा अनुष्का (शिवम् सदन) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा तनीषा ने द्वितीय व छात्रा गुंजन (सत्यम् सदन) तृतीय स्थान रही। दो विद्यार्थियों राघव व दैविक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




खरखौदा। भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि




विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देते एमडी राजेश कुमार व अन्य शिक्षकगण।

### दून स्कूल भारत को जानो प्रश्नोत्तरी में रनर-अप

**गोहाना।** गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक स्कूल के कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोति में स्कूल की टीम रनर-अप (द्वितीय) स्थान पर रही। भारत विकास परिषद द्वारा यह प्रतियोगिता गीता विद्या मंदिर, गोहाना की छात्र शाखा में 2 नवंबर को आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में दून स्कूल के कक्षा 8वीं के छात्र आत्मज एवं दक्ष ने अपनी ज्ञानवर्धक प्रस्तुति और त्वरित उत्तर देने की क्षमता से सभी का मन मोहते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विजेताओं को स्कूल के एमडी राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने पुरस्कृत किया। राजेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से यह सिद्ध किया है कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं न केवल ज्ञानवर्धन करती हैं बल्कि विद्यार्थियों में देश के प्रति जागरूकता की भावना भी आती है।

---

*कर्मियों को वापस काम पर लेने के लिए चौथे दिन भी भूख हड़ताल*

# निगम प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच, मूलनिवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ और सहयोग बली सेना यूनियन का धरना सोमवार को 34वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता प्रधान मुकेश टांक ने की, जबकि संचालन सचिव सावन कुमार ने किया। कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हटाए गए कर्मचारियों की सुनवाई अब तक नहीं हुई है। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि उनकी भूख हड़ताल को चार दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन निगम प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी ने उनसे बातचीत तक नहीं की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हटाए गए सफाई कर्मचारियों को काम पर वापस नहीं लिया गया, तो यह भूख हड़ताल दिन-रात के अमरण अनशन में बदल जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 10 से 12 वर्षों से ठेके पर काम कर रहे हैं, फिर भी उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता और कई वर्षों से एरियर भी बकाया है। सफाई के उपकरण समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते, न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दी जाती हैं। महिला कर्मचारियों के लिए बाथरूम या आराम की कोई व्यवस्था नहीं है और लंच टाइम में कर्मचारियों को सड़कों पर बैठकर भोजन करना पड़ता है। कर्मचारियों ने कहा कि ठेकेदारों को मनमाने ढंग से ठेके दे दिए जाते हैं, लेकिन वे कर्मचारियों का शोषण करते रहते हैं, जबकि शासन-प्रशासन इस पर कोई कार्यवाही नहीं करता। कर्मचारियों की मांग है कि ठेका प्रथा समाप्त की जाए और सभी सफाई कर्मचारियों को नियमित कर विभागीय रोल पर शामिल किया जाए।



सोनीपत। नगर निगम गेट के सामने धरना देते सफाई कर्मचारी।

#### ये रहे मौजूद

कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हटाए गए कर्मचारियों की सुनवाई अब तक नहीं हुई है। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने बताया कि उनकी भूख हड़ताल को चार दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन निगम प्रशासन की ओर से किसी भी अधिकारी ने उनसे बातचीत तक नहीं की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हटाए गए सफाई कर्मचारियों को काम पर वापस नहीं लिया गया, तो यह भूख हड़ताल दिन-रात के अमरण अनशन में बदल जाएगी। कर्मचारियों ने बताया कि वे पिछले 10 से 12 वर्षों से ठेके पर काम कर रहे हैं, फिर भी उन्हें समय पर वेतन नहीं मिलता और कई वर्षों से एरियर भी बकाया है। सफाई के उपकरण समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाते, न ही स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दी जाती हैं।धरने पर रविंदर, प्रवीण, मुकेश कर्मा, युधिष्ठिर, गुड्डू, परसांत, माया, सूनिता, प्रमिला, इंद्रजीत, प्रवीण और शिवम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



सोनीपत। रेलवे स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप

**सोनीपत।** बिहार चुनाव को लेकर भाजपा पर पक्षपात और चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने सोमवार को रेलवे स्टेशन पर अनोखे तरीके से प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चश्मे के माध्यम से प्रतीकात्मक रूप से दिखाया कि चुनाव आयोग को केवल भाजपा ही दिखाई दे रही है। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्टेशन पर भाजपा के निशान का पटका पहनकर और उसी निशान से हरी झंडी दिखाकर बिहारी यात्रियों को बिहार भेजे जाने की घटना का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह से रेलवे स्टेशन पर स्टॉल लगाकर यात्रियों को भेजना न केवल आचार संहिता का उल्लंघन है, बल्कि यह सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग भी है। जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि भाजपा नेता अपने बड़े नेताओं को खुश करने के लिए प्रदेश की जनता के टैक्स से जुटाए धन का उपयोग बिहार चुनाव में कर रहे है।

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क नेत्र शिविर में 210 मरीजों ने करवाई जांच

**सोनीपत।** अग्रवाल धर्मशाला, गुड़ मंडी सोनीपत में दी महाराजा अग्रसेन समिति के सौजन्य से 39वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आई चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की। कुल 210 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवायी, जिनमें से 16 मरीजों में मोतियाबिंद की शिकायत पाई गई।

### पिस्तौल दिखाकर धमकी देने वाला आरोपी काबू

**गोहाना।** थाना बरोदा की पुलिस ने रास्ता न बताने पर शराब ठेके के सेल्समैन को पिस्तौल दिखाकर धमकी देने की घटना में आरोपित गांव रतनगढ़ के आशीष उर्फ आशु व गांव बागडू के सदानंद को गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने उनको एक दिन के रिमांड पर लिया। उत्तरप्रदेश में कन्नौज के अश्वनी ने पुलिस को शिकायत दी थी कि वह शराब ठेके पर लगभग दो माह से सेल्समैन का काम करता है। सोमवार रात को काले रंग की स्कार्पियो से दो युवक उतरकर ठेके पर आए और पिस्तौल दिखाकर धमकी दी।

### मेघा दिवान ने उड़ान स्पेशल स्कूल में बच्चों संग मनाया प्रकाश उत्सव

# गुरु नानक देव जी के संदेश सत्य समानता और सेवा को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में विकास नगर स्थित उड़ान स्पेशल स्कूल में दिवान ट्रस्ट की ओर से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेघा दिवान (पत्नी कमल दिवान), विमल दिवान (पत्नी स्वर्गीय पूर्व विधायक देवराज दिवान) और प्रियंका दिवान (पत्नी ललित दिवान) ने शिरकत की।कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत भजन और गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर आधारित नाटक से हुआ, जिसमें बच्चों ने अपने उत्साह, आत्मविश्वास और कला से सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मेघा दिवान ने बच्चों के साथ मिलकर गुरु नानक देव जी के संदेश सत्य, समानता और सेवा को याद किया और कहा कि विशेष बच्चों की मुस्कान जीवन में सकारात्मकता और मानवता की सबसे बड़ी प्रेरणा है। विमल दिवान और प्रियंका दिवान ने भी बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, संवेदना और सेवा भाव को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान दिवान ट्रस्ट की ओर से सभी बच्चों को चाकलेट, स्टेशनरी और उपहार वितरित किए गए।इस मौके पर कनिका सिंघल व अन्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने दिवान परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं समाज को करुणा और मानवता की राह पर चलने की प्रेरणा देती हैं।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान स्पेशल स्कूल में पहुंचीं मेघा, विमल एवं प्रियंका दिवान।

### खरखौदा में निकाली नगर कीर्तन यात्रा



**खरखौदा।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में खरखौदा में नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। जिसकी शुरुआत गुरुद्वारा बाबा बंदा सिंह बहादर से की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सजे-धजे झांकियों और निहंगों ने पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए नगर कीर्तन का नेतृत्व किया। पूरे शहर में वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारे गूंजते रहे। समाजसेवी शक्ति ठेकेदार बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और श्रद्धालुओं को गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चलने का संदेश दिया। नगर कीर्तन शांति और सद्भाव का प्रतीक बनकर संपन्न हुआ। इस मौके पर नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा भी पहुंचे। जिन्होंने पर्व की शुभ कामनाएं दी।

### ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में गुरुनानक देव को पुष्पांजलि की अर्पित



**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में मंगलवार को गुरु नानक जयंती बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज शर्मा द्वारा न केवल दीप प्रज्वलन किया गया, बल्कि गुरु नानक देव जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों एवं शिक्षाओं को स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके साथ रीमा शर्मा, चंचल शर्मा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को मुख्य रूप से गुरुद्वारे ले जाकर छात्रों को विशेष जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने "पंज प्यारे" बनकर प्रभात फेरी निकाली, जिससे पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण एवं सकारात्मकता का संचार हुआ। बच्चों द्वारा विभिन्न भाषण, शब्द-कीर्तन, गायन एवं प्रस्तुति के माध्यम से गुरु नानक देव जी की शिक्षाओं - सत्य, शांति, मानव सेवा, समानता एवं सद्भावना को आत्मसात किया गया। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव था बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी आध्यात्मिक सीख प्रदान करने वाला रहा। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### ग्रीनमैन डॉ. दलजीत ने अपने निजी कोष से 60 किस्मों के 300 हर्बल पौधे रोपित किए

## राजकीय महाविद्यालय बड़ौता में बनेगा हर्बल वनस्पतिक उद्यान



**गोहाना।** औषधीय पौधे रोपकर हर्बल वनस्पतिक उद्यान का शुभारंभ करते हुए गुरु और शिष्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

राजकीय महाविद्यालय बड़ौता, गोहाना की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में देशबंधु राजकीय महाविद्यालय पानीपत से डॉ. दलजीत कुमार (ग्रीनमैन) सहायक प्रो. इतिहास ने बतौर मुख्य वक्ता एनएसएस स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण विषय पर व्याख्यान दिया और महाविद्यालय में एनएसएस हर्बल वनस्पतिक उद्यान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। उनके अनुसार ग्रीनमेन डॉ. दलजीत ने अपने निजी कोष से 60 किस्मों के लगभग 300 पौधे हर्बल उद्यान में रोपित किए। डॉ. दलजीत ने स्वयंसेवकों को औषधीय पौधों बारे जानकारी दी। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी साहिल सभरवाल ने भी स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया।

#### ये पौधे शामिल

इन पौधों में दो किस्म के इन्सुलिन, आठ किस्म की तुलसी, वैजन्ती, दो किस्म की चंपा, दालचीनी, मिश्रित मसाले का पौधा, अजवाइन, लाल चंदन, दो किस्म के गुड़हल, सहजन, कढ़ी पत्ता, लौकाट, अंजीर, अपराजिता, तेज पत्ता, नागदोन, बॉटल पाम, मौसमी, माल्टा, लीची, अनार, आड़ू, कपूर, नाशपाती, आम, ताइवानी, अमरूद, बबूगोसा, ढाक,बच, सफेद मूसली, हरसिंगार, आंवला, नीम, अर्जुन,बरगद, सुख-शांति,, इलायची, धृतकुमारी, मरूंगा व लेमनग्रास शामिल थे।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय बरोदा के प्राचार्य डॉ. लोकेश बल्हारा, राजकीय महाविद्यालय बड़ौता से डॉ. प्रदीप कुंडू, एनएसएस इकाई के सदस्य डॉ. नवीन, डॉ. नेहा सपरा, डॉ. बिजेंद्र, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. मेहर सिंह, डॉ. अमरीश अत्री, जयप्रकाश, डॉ. विनोद व संतोष विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कार्तिक पूर्णिमा से पूर्व निकली प्रभातफेरी में गूंजे भजन

- भक्तिमय वातावरण में नरेंद्र नगर के श्रद्धालु हुए शामिल, कल होगा सामूहिक हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कार्तिक पूर्णिमा से एक दिन पूर्व सोमवार की सुबह नरेंद्र नगर स्थित शिव मंदिर से भक्तों ने प्रभात फेरी निकालकर पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना दिया। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने नगर कीर्तन करते हुए भजन-कीर्तन गाए और घर-घर जाकर भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। यह प्रभात फेरी डॉ. मनमोहन मिश्रा के निवास स्थान पर पहुंचकर संपन्न हुई।



**सोनीपत।** प्रभात फेरी के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

#### भजनों से श्रद्धालुओं का मोहा मन

प्रभात फेरी का नेतृत्व सुरेश वत्स, घनश्याम मिश्रा और राजेश कौशिक ने किया। मातृ शक्ति ने सुंदर भजन कीर्तन प्रस्तुत किए, जिनमें स्वीटी शर्मा, पूनम गुप्ता, पूनम रोहिल्ला, रेखा रोहिल्ला और मनोज कुमार के भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। डॉ. मनमोहन मिश्रा ने बताया कि यह प्रभात फेरी पूरे कार्तिक मास के दौरान नियमित रूप से आयोजित की जा रही थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर नरेंद्र नगर शिव मंदिर परिसर में सामूहिक हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु परिवार सहित भाग लेंगे।

## हुकटा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा, जॉब सिक्योरिटी की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा विश्वविद्यालय अनुबन्धित शिक्षक संघ (हुकटा) ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली को जॉब सिक्योरिटी का मांग-पत्र भी सौंपा और अपील की कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पिछले शीतकालीन विधानसभा सत्र में किए गए वायदे के अनुसार इस बार के आगामी शीतकालीन विधानसभा सत्र में प्रदेश के समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों / शिक्षकों को भी कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर की तर्ज पर जॉब सिक्योरिटी (नौकरी सुरक्षा) प्रदान की जाए।

#### सीएम से मिलकर काम करवाएंगे : बड़ौली

प्रदेशाध्यक्ष बड़ौली ने हुकटा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे स्वयं मुख्यमंत्री से मिलकर काम करवाएंगें। हुकटा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार मलिक एवं मनोज कुमार ने संयुक्त बयान में कहा कि विश्वविद्यालयों के अनुबन्धित शिक्षकों को जॉब सिक्योरिटी प्रदान करने की प्रक्रिया पिछले वर्ष शीतकालीन विधानसभा सत्र में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा किए गए वायदे के उपरांत से निरंतर प्रगति पर है। इस विषय पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट एवं सभी विश्वविद्यालयों से प्राप्त सूचनाएं उच्च शिक्षा विभाग, पंचकूला को भेजी जा चुकी हैं।

## जर्मनी से आए छात्र-शिक्षक दल को दी विदाई

- ऋषिकुल विद्यापीठ में विदाई समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषिकुल विद्यापीठ, सोनीपत में जर्मनी से आए छात्र-शिक्षक दल के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पिछले एक सप्ताह से यह दल विद्यालय में शैक्षणिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय संस्कृति एवं भारतीय शिक्षा पद्धति का अनुभव प्राप्त कर रहा था।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ।



**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान छात्र शिक्षकों के दल के साथ स्कूल प्रबंधन एवं अन्य।

#### विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम किए प्रस्तुत

विद्यालय के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें पंजाबी नृत्य तथा ऋषिकुल विद्यापीठ व जर्मनी विद्यार्थियों का सामुहिक नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। चेयरमैन एसके शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता उसी को मिलती है जो निरंतर प्रयास करता है। निदेशक धीरज शर्मा ने विद्यार्थियों को तकनीकी युग में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। ग्लोबल आउटरीच डायरेक्टर अर्चना शर्मा ने कहा कि आज का विद्यार्थी वैश्विक नागरिक है। इसलिए हमें शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को भी अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य उमेश शर्मा व उपप्रधानाचार्या कृति चौधरी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** किशोरी को बहलाकर भगाकर ले जाने के बाद जींद ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित पानीपत के गांव बुआना लाखू का रहने वाला अर्जुन है। न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ग्रामीण ने एक अगस्त को थाना बरोदा में शिकायत दी थी कि 31 जुलाई को उसकी नाबालिग बहन घर से लापता हो गई। स्वजन ने उसकी तलाश की लेकिन वह कहीं नहीं मिली। शिकायतकर्ता को संदेह हुआ था कि किसी ने उनकी बहन को गलत नीयत से बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। पुलिस ने केस दर्ज करके जांच की। जांच अधिकारी उप निरीक्षक देवेंद्र की टीम ने जींद के नरवाना क्षेत्र से नाबालिग को बरामद कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित अर्जुन की लड़की से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई थी, जिसके बाद वह उसे झांसे में लेकर जींद ले गया और दुष्कर्म किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 ×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028



**गोहाना।** कुलपति प्रो. सुदेश का स्वागत करती बीएएमएस प्रथम वर्ष की छात्राएं।

### आयुर्वेद संस्थान में नवांगतुक छात्राओं का स्वागत

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के माडू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान में मंगलवार को बीएएमएस प्रथम वर्ष की नव आगंतुक छात्राओं के स्वागत के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया।

पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम के औपचारिक उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि भविष्य आयुर्वेद का है। आप विवि के विभिन्न संकायों का लाभ उठाएं और वैश्विक स्तर पर चिकित्सा क्षेत्र में आयुर्वेद की भूमिका में अपना योगदान सुनिश्चित करें। विशिष्ट अतिथि विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव थे। प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने बताया कि एमएसएम आयुर्वेद संस्थान को शैक्षणिक स्तर 2025-26 के लिए एनसीआईएसएम भारत सरकार द्वारा बीएएमएस के लिए 75 सीट व पीजी के लिए 8 सीटों की अनुमति प्रदान की गई थी। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा भी आयुर्वेद संस्थान को देशभर के आयुर्वेदिक संस्थानों में 85वीं रैंक मिली है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण आयुर्वेद संकाय के डीन डॉ. एसपी गौतम ने दिया। इस अवसर पर डॉ. विजय कौशिक, डॉ. नरेश भार्गव, डॉ. वीणा शर्मा, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. दीपमाला, डॉ. गोविंद प्रसाद गुप्ता व डॉ. शोभा बेंजवाल भी मौजूद रहे।

## कुलपति प्रो. सुदेश को मिला बहन सुभाषिणी सम्मान

### दिल्ली में आयोजित हुए सार्द्ध शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की कुलपति प्रो. सुदेश को बहन सुभाषिणी सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें महर्षि दयानन्द जी की 200वीं जयंती एवं 150वें आर्य समाज स्थापना वर्ष आयोजन के समापन अवसर पर आयोजित सार्द्ध शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलनः 2025 में दिया गया।

दिल्ली के रोहिणी सेक्टर-10 स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चले इस महासम्मेलन में 17 विश्वविद्यालयों के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय वैदिक संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने उनको मिले सम्मान को महिला विवि को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि महिला विवि महिला शिक्षा व महिला उत्थान की दिशा में जो काम कर रहा है, उनका सहयोग इस यज्ञ में एक छोटी सी आहुति है। आज महिला विवि को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान और स्थान दोनों मिल रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब यह विवि अपनी शिक्षा प्रणाली व संस्कार के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना जाएगा। सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. मोनिका ने बताया कि इस सम्मेलन में महिला विवि के आयुर्वेद संस्थान की छात्राओं ने भगत फूल सिंह की जीवनी पर एक नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का ध्यान अपनी और केंद्रित किया।



**गोहाना।** महासम्मेलन में कुलपति प्रो. सुदेश को बहन सुभाषिणी सम्मान से सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

#### सम्मेलन में प्रस्तुत किए पेपर

इस सम्मेलन में महिला विवि की तरफ से डॉ. मोनिका ने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के संबंध में भगत फूल सिंह के दर्शनः उसकी महत्ता और प्रभाव का अध्ययन विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। डॉ. बबीता ने स्वर विद्या प्राचीन विज्ञान एवं कला के रूप में एक विस्तृत अध्ययन विषय पर पेपर प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. शीला मलिक ने खगोल विज्ञान के पीछे वेदः ब्रह्मांड में समय, घूर्णन और तारकीय रहस्य विषय पर पेपर प्रस्तुत किया।

खेल

### हरियाणा खेलकूद विवि में हरियाणा राज्य ओलंपिक खेल प्रतियोगिता शुरू

# जूडो में सिरसा का दबदबा, महिला वर्ग में सोनीपत आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय, राई में शुरू हुए 27वें हरियाणा राज्य ओलंपिक खेलों के पहले दिन जूडो में सोनीपत व परम पिता शाह सतनाम जी एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी (पीएसईडब्ल्यू), सिरसा का दबदबा रहा। पुरुष वर्ग में हुए तीनों मुकाबलों में पीएसईडब्ल्यू व महिला वर्ग में सोनीपत पहले स्थान पर रहा। इससे पहले खेलों का आगाज जबरदस्त उत्साह और जोश के माहौल में हुआ। इस दौरान जूडो इंचार्ज हरिओम कौशिक, रजिस्ट्रार जसविंदर सिंह, स्कूल प्राचार्य पीके धीमन व अन्य मौजूद रहे और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।



**सोनीपत।** जूडो प्रतियोगिता के दौरान खेलते खिलाड़ी।

### जूडो का यह रहा परिणाम

#### पुरुष वर्ग

90 किलोग्राम भारवर्ग में पीएसईडब्ल्यू, सिरसा के दिवेश प्रथम, हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय, राई के योगेश दूसरे व झज्जर के आर्यन व सोनीपत के साहिल दहिया संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। 100 किलोग्राम भारवर्ग में पीएसईडब्ल्यू, सिरसा विक्रम पहले, भिवानी के मोहित दूसरे व फरीदाबाद के कुनाल व झज्जर के प्रियांशु ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया। 100 किलो से अधिक भारवर्ग में पीएसईडब्ल्यू, सिरसा के अमन कुमार पहले, हरियाणा खेलकूद विश्वविद्यालय, राई के अंकुश दूसरे व सोनीपत के दिव्य रुहल और झज्जर के यशदीप संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

#### महिला वर्ग

70 किलोग्राम भारवर्ग में सोनीपत की भारती पहले, पीएसईडब्ल्यू, सिरसा की पूजा दूसरे व पानीपत की हंशु और गुरुग्राम की पलक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। 78 किलो में सोनीपत की शीतल पहले, कैथल की मनप्रीत दूसरे व रोहतक की जानवी और भिवानी की निशु ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान पाया। 78 किलो से अधिक भारवर्ग में सोनीपत की तमन्ना पहले, महेंद्रगढ़ की स्वाति दूसरे व कैथल की दीपिका और एचएआरपी की मीना संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही।